an>

title: Need to conduct a C.B.I. inquiry into the causes of death of a student in the school campus in Ranchi, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : अध्यक्ष महोदया, हमारे लोक सभा क्षेत्र रांची अन्तर्गत सफायर इण्टरनेशनल स्कूल, खूंटी रोड, रांची में स्थापित है। चूंकि वह बोर्डिंग स्कूल है तो स्कूल के कैम्पस के छात्रावास में चार फरवरी, दिन गुरूवार को 12 साल के एक बच्चे विनय कुमार महतो की निर्मम हत्या की गई। इस हत्या पर सारे लोगों ने बहुत ही दुख प्रकट किया और विद्यार्थी से लेकर बुद्धिजीवियों तक ने पूरे रांची में कई दिन आन्दोलन किया और रांची भी बन्द किया गया। जब से विनय कुमार की हत्या हुई है, उसी दिन से विनय महतो के माता-पिता और पूरे परिवार के लोगों द्वारा जो स्थानीय पुलिस द्वारा इस केस की लीपापोती या निर्दोष लोगों को पकड़ कर कोटा पूरा करने का काम कर रही है, इसलिए परिवार से लेकर वहां के सारे लोगों की, रांची के नागरिकों की यह मांग है कि यह जो जांच हो रही है, वे उससे संतुष्ट नहीं हैं, अभी भी वे आन्दोलित हैं और वे चाहते हैं कि सी.बी.आई. से जांच हो, सही दोषी आदमी पकड़ा जाये और इस पर कार्रवाई की जाये, यह मांग है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि इसकी जांच सी.बी.आई. द्वारा कराई जाये। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राम टहल चौधरी के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति प्रदान की जाती है।